# 'सरकार आमजन के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है'

**बूंदी,** (निसं)। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर की अध्यक्षता में रविवार को सेंटर फोर एक्सीलेंसी के सभागार में बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन एवं वर्ष 2024-25 की प्रगति के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में

> ■ **बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने को लेकर अधिकारी पूरी तरह गंभीर रहें : हीरालाल नागर**

राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री का यही विजन है कि बजट घोषणाओं को धरातल पर जल्द से जल्द उतारा जाए। बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के संबंध



**प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।**

में भूमि आवंटन/उपलब्धता/चिन्हीकरण की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने उक्त कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं और परियोजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से समय पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। आमजन के हित में कार्य करना प्राथमिकता हो और इसके लिए सभी विभाग टीम भावना के साथ कार्य करें। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधिकारी अपने-अपने विभागों के कार्यों में तेजी लाएं और किसी भी प्रकार की देरी या अड़चन को तुरंत सुलझाने का प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को लेकर सभी विभागाधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें ताकि आमजन को समय पर लाभ मिल सके। अधिकारी अपने राजकीय दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता और सजगता से करें और कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा अनुसार आवश्यक भूमि का चिन्हीकरण समय पर कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें और भूमि चयन करते हुए आमजन कि सुविधाओं और पहुंच का ध्यान रखें।

उन्होंने निर्देश दिए कि केशोरायपाटन में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए जगह का चयन कर डीपीआर बनाने की कार्यवाही शीघ्र शुरू की जाए। धनेश्वर में प्रस्तावित स्टोन पार्क की विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए। जैतसागर व नवल सागर के सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार की टेण्डर प्रक्रिया में प्रगति लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट घोषणा में शामिल डाबी के कन्या महाविद्यालय के लिए भूमि का चयन कस्बे से ज्यादा दूरी पर नहीं हो।

## कार्यशाला का आयोजन

**कोटा, ( निसं)**। अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा क्रोध प्रबंधन के विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ.नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा क्रोध, इसके प्रकार, कारण, निदान, प्रबंधन के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान गई। क्रोध एक भावना है, जिसे गुस्सा, रोष, आक्रोश, प्रकोप भी कहा जाता है। यह एक सामान्य भावना है, लेकिन अगर इसे नियंत्रित न किया जाए, तो यह नुकसानदेह साबित हो सकता है। यह भावना नियंत्रण से बाहर होने पर किसी को दूसरे लोगों को चोट पहुँचाने, चिल्लाने आदि के लिए प्रेरित करती है। गुस्से के कारणों में आनुवांशिकी, अनियमित मस्तिष्क विकास, मस्तिष्क में हार्मोनल असंतुलन, नशा, दवाओं का दुष्प्रभाव, जीवन का तनाव आदि शामिल हैं। गुस्से के कारण घरेलू हिंसा हो सकती है, जो लोग गुस्सैल व्यक्ति के आस-पास होते हैं वे उस व्यक्ति को नाराज न करने के लिए खुद को शांत/चुप कर लेते हैं।

## पंजाबी समाज समिति का परिचय सम्मेलन सम्पन्न



**कोटा में पंजाबी समाज समिति का परिचय सम्मेलन सम्पन्न हुआ।**

**कोटा,** (निसं)। जोड़ियां भगवान बनाता है, लेकिन पंजाबी समाज समिति के माध्यम से सालों से परिवार बन रहे हैं, युवाओं को अपने मनपसंद का जीवन साथी मिल रहा है, ऐसा ही माहौल रविवार को पंजाबी समाज के 30वें युवक-युवती अभिभावक परिचय सम्मेलन में देखने को मिला, जब मंच से कई युवाओं ने समिति का हौसला बढ़ाया।

लाला लाजपत राय पंजाबी समाज भवन शोपिंग सेंटर में आयोजित पंजाबी समाज के परिचय सम्मेलन में देशभर से युवा यहां आए और अपने मन पसंद जीवन साथी की तलाश की। मंच पर बेकाब अंदाज में कोई नजर आया तो किसी ने दबी जुंबा में भी अपने पंसद के जीवन साथी के लिए अपनी बात रखी। किसी ने कहा कि मुझे सरल सहज और परिवार का ध्यान रखने वाली वधु चाहिए तो किसी ने एजुकेटेड वधु की चाहत बताई। वहीं लड़कियों ने भी उनका सम्मान करने वाला वर चाहा तो किसी ने कहा कि अच्छा कमाता हो, अपना घर हो और कोई व्यसन नहीं हो, ऐसे वर की तलाश की। पंजाबी समाज समिति के अध्यक्ष वीर कुमार वाधवा ने बताया कि परिचय सम्मेलन के लिए 500 से अधिक पंजीकरण हो गए वहीं मौके पर भी करीब 30 लोगों ने पंजीयन कराया। समिति के सचिव प्रवीण गुलाटी ने बताया कि अब युवक-युवतियों की जोड़ी बनाने का समिति निरंतर प्रयास कर रही है और हजारों रिश्ते अब तक कराए जा चुके हैं। यहां कुंडली मिलान से लेकर वृद्धों की टीम बनाई गई है जो लडका लड़की के परिवार को एक साथ बैठाकर समन्वय स्थापित करने का प्रयास कर रही है।

# मुकेश धाकड़ ने लगाई हैट्रिक

**रामगंजमंडी,**(निसं)। ग्रेन एंड सीडस मर्चेंट एसोसिएशन रामगंजमण्डी के चुनाव 23 फरवरी रविवार को चुनाव अधिकारी श्याम बिहारी एडवोकेट एवं हेमंत जैन सहित उनकी टीम के निर्देशन में संपन्न हो गए। यह पहला अवसर था जब नवनिर्मित भवन में चुनाव संपन्न हुए हैं। जिसका ही परिणाम है कि लगातार तीसरी बार व्यापारियों ने मुकेश धाकड़ पर विश्वास जताया। जिस कारण मुकेश धाकड़ ने हैट्रिक लगाई। इससे पूर्व फूलचंद डांगी ने यह कीर्तिमान बनाया था।उसके बाद यह कीर्तिमान धाकड़ ने बनाया है। सुबह से ही व्यापार भवन में व्यापारियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा था। सुबह 9.00 बजे से 1.00 तक मतदान हुआ। उसके बाद 1 से 2 बजे के बीच में लंच रखा गया व 2 से 4 बजे के बीच मतदान हुआ। चार पदों के लिए 8 प्रत्याशी मैदान में थे। वहीं संयुक्त सचिव पद का निर्वाचन पूर्व में ही निर्विरोध हो चुका था। चुनाव में 362 मतदाताओं में से 361 मतदाताओं ने अपने मतदान का प्रयोग किया। मतगणना के बाद चुनाव अधिकारी श्याम बिहारी एडवोकेट एवं हेमंत जैन एडवोकेट ने परिणाम घोषित कर दिया। जिसमें अध्यक्ष पद का मुकाबला मुकेश धाकड़ एवं पीयूष विजयवर्गीय के बीच हुआ मुकेश धाकड़ को 211 मत एवं पियूष विजयवर्गीय को 148 मत मिले और दो मत निरस्त हुए धाकड़ को 63 मतों से विजय घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए वर्तमान उपाध्यक्ष हरकचंद अहीर एवं युवा मोहित गर्ग आमने-सामने थे।जिसमें मोहित गर्ग को 259 मत मिले हरकचंद अहीर को 100 मत मिले दो मत इसमें भी निरस्त हुए मोहित गर्ग को 159 मतों से विजय घोषित किया गया। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए सुनील जैन एवं भेरूलाल चौधरी आमने सामने थे, भेरूलाल चौधरी को 134 मत एवं सुनील जैन को 226 मत मिले इसमें एक मत निरस्त हुआ सुनील जैन को 92 मतों से विजय घोषित किया गया। सचिव पद का मुकाबला वर्तमान में सहसचिव योगेश गुप्ता एवम अंकुश कुमार शर्मा के मध्य था, योगेश गुप्ता को 203 मत एवं अंकुश शर्मा को 157 मत मिले इसमें भी एक मत निरस्त हुआ 46 मतों से योगेश गुप्ता को निर्वाचित किया गया। वहीं सहसचिव लड्डूलाल बैंसला पूर्व में निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो चुके हैं। वही 15 कार्यकारिणी सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचन की भी घोषणा की गयी। जीत के बाद सभी विजय पदाधिकारियों ने सभी व्यापारियों का आभार जताया सभी ने बधाई दी।

## स्मैक सहित तस्कर पकड़ा

**कोटा,** (निसं)। जवाहर नगर पुलिस टीम ने इलाके मे गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित तस्कर को गिरफ्तार किया है। जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि शहर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मादक पदार्थ के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन नश्वर अभियान के तहत राजीव गांधी नगर में तलाशी अभियान के दौरान एक जने पर संदेह होने पर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से दो ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की। सीआई ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद होने पर मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए न्यू जवाहर नगर निवासी प्रियांशु को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपी से मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# अवैध गांजा सहित दो गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। शहर के दो अलग-अलग थाना इलाके में पुलिस टीम ने ऑपरेशन नश्वर अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विज्ञान नगर पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि थाने की उपनिरिक्षक अंजली मेघवंशी ने मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान एक व्यक्ति पर संदेह होने पर उसे डिटेन कर तलाशी ली तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 512 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित महावीर नगर प्रथम आनंदपुर फूटा तालाब निवासी धर्मराज (33) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है। वहीं महावीर नगर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। महावीर नगर थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि ऑपरेशन नश्वर अभियान के तहत बालाजी मार्केट के पास चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 201 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

## आत्महत्या का प्रयास करने वाले छात्र को बचाया

**कोटा,** (निसं)। स्टूडेन्ट सेल अभय कमांड सेंटर के मोबाईल नंबर पर एक छात्र के सुसाईड का कदम उठाने की सूचना मिलने पर टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए छात्र का तलाश कर काउंसलिंग करने के बाद परिवार जनों को सुपुर्द किया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि टेलिफोन से स्टूडेंट सेल अभय कमांड सेटर के मोबाईल नम्बर 9530442778 पर सूचना मिली कि उसका छोटा भाई जयपुर से डेढ़ महीने पहले पढ़ाई के लिये कोटा आया। जो महावीर नगर इलाके में रहकर एस.एस.सी की तैयारी कर रहा है जिसने उसके मोबाईल के व्हाट्सएप पर सुसाईड नोट भेजा जिसमे उसके द्वारा सुसाईड करने हेतु लिखा है। शहर एसपी ने बताया कि उक्त सूचना पर अभय कमांड की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियति शर्मा एवं कन्ट्रोल सेन्टर के निर्देशन पर स्टूडेन्ट सेल टीम की सहायक उपनिरिक्षक संजू शर्मा ने टीम के साथ त्वरित कार्यवाही करने के लिये महावीर नगर थाना पुलिस से मामले को साझा कर स्टूडेंन्ट सेल टीम व महावीर नगर पुलिस टीम ने तकनीकी माध्यमों से छात्र को सफलतापूर्वक तलाश किया।



# लाखों के जेवरात व नगदी बरामद

**कोटा,** (निसं)। किशोरपुरा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए शातिर नकबजन को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी से पूछताछ मे लाखों के जेवरात व नगदी को बरामद किया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि शहर मे चोरी, लूट व नकबजनी के आरोपियों की धरपकड़ के लिये अभियान चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि किशोरपुरा थाने में दर्ज एक नकबजनी की वारदात के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक योगेश शर्मा के निर्देशन में किशोरपुरा थानाधिकारी भूरी सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि थानाधिकारी भूरी सिंह के नेतृत्व में गठित टीम को तकनीकी असुचना व मुखबीर द्वारा थाना किशोरपुरा क्षेत्र में सूने मकान का ताला तोड़कर सोने के आभूषण व नगदी चोरी के आरोपी की जानकारी मिली। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए शातिर नकबजन आरोपी देवपुरा तहसील सुसनेर मध्यप्रदेश हाल गोविन्द धाम किशोरपुरा निवासी कन्हैयाला उर्फ किशन (45) को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी के कब्जे से सोने की चूड़ियां, झुमकी, मंगलसूत्र, सोने की अंगुठी, चांदी के सिक्के व नगदी बरामद की है। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है। यह था मामला-किशोरपुरा थानाधिकारी भूरी

> ■ **किशोरपुरा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए शातिर नकबजन को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया**

सिंह ने बताया कि फरियादी अमित गुप्ता ने 10 फरवरी को थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि 9 फरवरी सुबह को परिवार सहित श्योपुर मध्यप्रदेश भागवत के कार्यक्रम मे गये थे। सीआई ने बताया कि फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि मोहल्ले के लोगों द्वारा उन्हे पता चला कि उनके मकान के ताले टुटे हुए है, सूचना पर कोटा पहुंचे तो देखा कि मैन चैनल गेट और बेडरूम के अंदर से सभी ताले टुटे हुए थे। फरियादी ने रिपोर्ट में सोने चांदी के आभूषण व 35 हजार नगदी चोरी होने की रिपोर्ट दी। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। सीआई ने बताया कि मुखबीर से मकान में चोरी करने वाले आरोपी की मध्यप्रदेश में होने की सूचना मिली। सूचना पर गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को डिटेन कर थाने लाकर पूछताछ कर मकान मे चोरी के प्रकरण में गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से सोने-चांदी के आभूषण व नगदी को बरामद किया है। सीआई ने बताया कि पकड़े गये आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी नकबजनी, चोरी, लूट के प्रकरण दर्ज है। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है।

## देशी कट्टा सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। नान्ता थाना पुलिस टीम ने इलाके मे गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी कट्टा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। नान्ता थाने के उपनिरिक्षक थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि मय जाप्ता इलाके मे गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बड़गांव से चौथमाता मंदिर रोड़ पर खड़ा हैं जिसके पास कोई अवैध हथियार है।

थानाधिकारी ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर मौके पर पहुंचे और मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार पर मौके पर खड़े व्यक्ति को डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध हथियार देशी कट्टा जप्त किया। सीआई ने बताया कि मौके पर ही आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए बरड़ा बस्ती नान्ता निवासी आकाश उर्फ सी.के (22) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अवैध देशी कट्टा को जप्त कर पकड़े गये आरोपी से अवैध देशी कट्टा की खरीद-फरोख्त के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है।

# कोटा के फैकल्टीज ने मिलकर नया कोचिंग शुरू किया

**कोटा,** (निसं)। मेडिकल और इंजीनियरिंग एंट्रेंस के लिए जाने जाने वाले कोटा में एक और नए कोचिंग संस्थान ने दस्तक दी है। सर्वम नाम से इस कोचिंग को यहां की फैकल्टी ने मिलकर बनाया है। नीट यूजी 2025 को देखते हुए क्रैश कोर्स और टेस्ट सीरीज शुरू की गई है।

फैकल्टी का कहना है कि आने वाले दिनों में लॉन्ग टर्म कोर्स भी वे जल्द ही लॉन्च कर देंगे। यह कोचिंग कोटा के ही पुराने कोचिंग संस्थानों में पढ़ाने वाले टीचर्स ने मिलकर खोला है। इनमें जितेंद्र चंदवानी, आशीष गुप्ता, डॉ.परवेज खान, आशीष बाजपेई, आशीष बंसल, इंसाफ अली, आशीष माहेश्वरी और ललित विजय शामिल हैं। इंस्टिट्यूट के संस्थापक जितेंद्र चंदवानी का कहना है कि 11वीं-12वीं और ड्रॉपर स्टूडेंट के लिए लॉन्ग टर्म नीट यूजी के कोर्स भी शुरू करेंगे। उनके यहां पर 100 से 120 स्टूडेंट के लिए बैच बनाए जाएंगे। उनका कहना है कि हम बच्चों को एकेडमिक एक्सीलेंस से पढ़ाएंगे। पूरी केयरिंग भी देंगे। यहां पर



**कोटा के फैकल्टीज ने मिलकर नया कोचिंग सर्वम शुरू किया है, जिसकी लॉन्चिंग में मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ संगीता सक्सेना भी मौजूद रही**

तनाव मुक्त वातावरण बच्चों को दिया जाएगा। इसके साथ ही वन टू वन मेंटरशिप भी बच्चों की होगी। जीरो प्रॉब्लम फैसिलिटी की सुविधा भी हम बच्चों को देने वाले हैं। बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। लॉन्चिंग कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.संगीता सक्सेना के मुख्य आतिथ्य में हुआ। वर्तमान में गिरती बच्चों की संख्या और कोचिंग के सस्टेन करने के सवाल पर फैकल्टी ने बताया कि हर समय पॉजिटिव रहकर ही काम करना होगा। कोटा को शिक्षा की काशी कहा जाता है। यहां के कोचिंग सेंटर्स दूसरे शहरों में खुले हैं लेकिन वहां पर केवल लोकल बच्चे ही पढ़ने पहुंच रहे हैं जबकि कोटा में देश भर से टैलेंट आता है। उन्होंने कहा कि दूसरी चीज है यहां पर टॉप स्टूडेंट आ रहे हैं इसलिए यहां पर नीट और जेईई की तैयारी में कंपटीशन भी होता है।

## अवैध मादक गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। कुन्हाडी पुलिस टीम ने ऑपरेशन नश्वर अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए 1 किलो 20 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। कुन्हाडी थानाधिकारी अरविन्द भारद्वाज ने बताया कि थाने के उपरिक्षिक भंवरलाल मय जाप्ता इलाके में चैकिंग कर रहे थे। सीआई ने बताया कि चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति जिसके हाथ मे लगी थैली मे कोई पदार्थ नजर आया, व्यक्ति पर संदेह होने पर टीम ने उसे मौके पर डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो थैली में से अवैध मादक पदार्थ गांजा 1 किलो 20 ग्राम बरामद हुआ। पुलिस टीम ने मौके पर अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए बालिता निवासी बन्टी केवट (26) को गिरफ्तार किया। सीआई ने बताया कि पकडे गये आरोपी ने पूछताछ में करीब 15-20 दिनों से कोचिंग एरिया मे मादक पदार्थ गांजा बेचने की बात को कबूला है पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# कोटा के वामपंथी दलों की बैठक

**कोटा,** (निसं)। नयापुरा स्थित मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के परिसर में कोटा के वामपंथी दलों की बैठक हुई। बैठक में माकपा के दुलीचंद बोरदा, भाकपा के हरि लाल एवं एमसीपीआई (यू) के महेन्द्र नेह ने देश एवं प्रदेश की जनसमस्याओं के बारे में अपने विचार रखे। बैठक में हुए विचार-विमर्श में यह सच्चाई रेखांकित की गई कि केन्द्र और राजस्थान में सत्ताधारी भाजपा सरकार जनता की आर्थिक समस्याओं को सुलझाने के बजाय झूठे प्रलोभन दे कर भ्रमित कर रही है। श्रमिकों के काम के घंटे बढ़ रहे हैं, लेकिन वेतन और सुविधाएं घट रही हैं। किसानों की खेती पर लागत बढ़ती जा रही है, किंतु फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे। उद्यमियों, व्यापारियों, दुकानदारों के धंधे चौपट हो रहे हैं और उन पर कर्ज बढ़ता जा रहा है। बेरोजगारी की समस्या विकराल हो गई है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण से गरीब परिवारों में अशिक्षा और बीमारियों का इलाज नहीं हो पा रहा। बैठक



**नयापुरा स्थित मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के परिसर में कोटा के वामपंथी दलों की बैठक आयोजित हुई।**

में श्रमिकों एवं किसानों की वर्तमान हालत पर उमाशंकर, युवकों व आम जनता की दशा पर महेन्द्र पांडेय एवं कर्मचारियों तथा दुकानदारों की समस्याओं पर राकेश गालव ने प्रस्ताव रखे। सभी प्रस्तावों में सरकार के जन विरोधी रवैये के विरोध में जनता को संगठित करने तथा संघर्ष की दिशा में आगे बढ़ना तय किया गया। बैठक में तय किया गया कि आगामी 25 फरवरी को प्रातः 11 बजे नयापुरा में केन्द्र और राज्य सरकारों के बजट को केन्द्र में रख कर एक सेमिनार का आयोजन किया जाए तथा दोपहर 12 बजे सरकार की आर्थिक नीतियों, बिजली, पानी, मंहगाई, बेरोजगारी आदि मांगों पर नयापुरा चौराहे से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाल कर जिला प्रशासन को मांग पत्र दिया जाए।

## हादसे में एक की मौत चार घायल

**कोटा,** (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में रोंग साईड से आ रही तेज रफ्तार कार चालक ने एक के बाद एक दो मोटरसाइकिल को टक्कर मारी घटना में एक की मौत हो गई चार जाने घायल हुए हैं। घायलों को 108 एंबुलेंस के जरिए उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद कार खेत की बाउंड्री को तोड़ती हुई घटनास्थल से कुछ दूरी पर जाकर रुकी कार के नीचे एक बाईक दब गई। उद्योग नगर थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि कार चालक कैथून से कोटा की तरफ आ रहा था बाईक सवार कोटा से कैथून की तरफ जा रहे थे। कार चालक ने लापरवाहीपूर्वक कार को चलते हुए दो बाइक को टक्कर मारी। हादसे में बजरंग लाल की मौत होगी जबकि कार चालक सहित 4 जने घायल हो गए।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

**कोटा,** (निसं)। कलाल महिला क्लब सेवा संस्था, कोटा के तत्वावधान में निशुल्क कलाल सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 1 मार्च 2025, फुलेरा दूज शनिवार को किया जाएगा। यह आयोजन समाज के जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करने और विवाह के सामाजिक व धार्मिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। आयोजक मिथेलश पारेता ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया और कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह का यह प्रयास न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत देगा, बल्कि समाज में

> ■ **कलाल महिला सेवा संस्था द्वारा निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन**

एकजुटता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करेगा। मिथलेश पारेता ने बताया कि इस सम्मेलन में 08 जोड़े हमसफर बनेंगे जिनका हिन्दू रीति-रिवाज से विवाह सम्मेलन किया जाएगा। यह जोड़े हाड़ौती व चित्तौड़ प्रांत से है। इस शुभ अवसर पर विवाह समारोह की शुरुआत प्रातः 9.00 बजे निकासी के साथ होगी। इसके बाद 10 बजे तोरण,दूल्हे की निकासी घोडी बैंड बाजे द्वारा निकासी दुर्गा माता मंदिर विज्ञान नगर से 10.00 बजे निकाली जाएगी जो चमत्कारी हनुमान मंदिर विज्ञान नगर विवाह स्थल तक पहुंचेगी। 11.00 बजे वरमाला और 11.30 बजे पाणिग्रहण संस्कार संपन्न होगा। विवाह की सभी रस्मों के उपरांत दोपहर 2.00 बजे विदाई की रस्म अदा की जाएगी। इस पूरे आयोजन को धार्मिक विधि-विधान के अनुसार संपन्न किया जाएगा, जिससेयह अवसर वर-वधुओंऔर उनके परिवारों के लिए यादगार बन सकें। कलाल महिला क्लब सेवा संस्था और भामाशाहों की ओर नव-जोड़ों को 51 वस्तुएं भेट की जा रही है। समारोह का आयोजन मंगलमय चमत्कारी हनुमान मंदिर, ईएसआई हॉस्पिटल के पीछे, विज्ञान नगर, कोटा में किया जाएगा।


